‘एडॉप्ट एन आँगनवाड़ी’अभियान

चर्चा में क्यों?

23 मई, 2022 को मध्य प्रदेश के महिला-बाल विकास संचालक डॉ. रामराव भोंसले ने बताया कि‘एडॉप्ट एन आँगनवाड़ी’में अब तक 93 हज़ार 32 आँगनवाड़ी केंद्रों पर सहयोग के लिये 1 लाख 235 विभिन्न संस्थाओं/व्यक्तियों द्वारा पंजीयन करवाया गया है।

प्रमुख बिंदु

- आँगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन और उसमें जन-सहयोग की संकल्पना को साकार करने के लिये मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ‘एडॉप्ट एन आँगनवाड़ी’ अभियान प्रारंभ किया गया है।
- ‘एडॉप्ट एन आँगनवाड़ी’में सहयोगकर्त्ता और दानदाता केंद्रों की आधारभूत आवश्यकताओं, बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकता तथा स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्थाओं में सहयोग कर अपनी सहभागिता कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में लगभग 97 हज़ार 135 आँगनवाड़ी एवं मिनी आँगनवाड़ी संचालित हैं, जिनके माध्यम से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्वास्थ्य और पोषण सेवाएँ तथा 3 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को शालापूर्व शिक्षा प्रदान की जा रही है।
- डॉ. भोंसले ने बताया कि सहयोगकर्त्ताओं द्वारा पोषण और सुपोषण घटक में बच्चों के मध्यम एवं गंभीर कुपोषण निवारण के लिये थेरेपेटिक न्यूट्रीशन एवं दवाइयों हेतु एक करोड़ 98 लाख रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adopt-n-anganwadi-campaign